# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग

**विभागीय माननीय मंत्री महोदय, श्री महेश्वर हजारी जी की अध्यक्षता मे दिनांक 14–06–2016 को संपन्न दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण एवं नियोजन (EST&P) घटक की प्रगति समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

---

<u>उपस्थितिः– संलग्न विवरणी के अनुसार</u>

**कार्यवाही–**

1. DAY-NULM योजना के कौशल प्रशिक्षण एवं नियोजन घटक के अन्तर्गत संस्थावार प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर समीक्षा बैठक आरंभ करने हेतु श्री विनोदानन्द झा, उप सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा माननीय मंत्री महोदय से अनुमति मॉगी गई। समीक्षोपरान्त सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य में गति लाने के लिए निम्नलिखित निदेश दिये गयेः–

I. Aim of People, के द्वारा समर्पित प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार 1202 लाभुकों का प्रशिक्षणोंपरान्त Assessment किया गया। श्री सत्येन्द्र कुमार, एम0डी0, Aim of People को 1202 लाभुकों की पूर्ण विवरणी 15 दिनो के अन्दर प्रस्तुत करने को कहा गया।

II. AISECT (31 लाभुक), Datapro Computers Pvt. Ltd (156 लाभुक), IAP Company Pvt. Ltd. (60 लाभुक),Institute of Advanced Security Training & Management Pvt. Ltd. (ASTM) (62 लाभुक), LCC Infotech Ltd. (59 लाभुक),Mass Infotech Society (30 लाभुक), Sahithi Systems Pvt. Ltd (60 लाभुक), Satyam Skill Development Pvt. Ltd (60 लाभुक), Skill Pro Foundation (60लाभुक), और Visionary Knowledge & Management Services (P) Ltd (203 लाभुक), के द्वारा समर्पित प्रगति प्रतिवेदन में नियोजित लाभुकों की संख्या का जिक्र किया गया है। उक्त सभी संस्थाओं को नियोजन संम्बंधित पूर्ण विवरणी संलग्न फोर्मेट में देने का निदेश दिया गया।

III. CPIT Edutech Pvt. Ltd. को नियोजन संबंधित कार्य–योजना की विस्तृत जानकारी देने को कहा गया।

IV. Janhit Sanskritik Kala Kendra, के द्वारा समर्पित प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार 1620 लाभुकों का प्रशिक्षणोंपरान्त Assessment किया गया है। Janhit Sanskritik Kala Kendra, को प्रशिक्षण प्राप्त किये कुल लाभुक 3990 के 25% लाभुकों कों नियोजन दो माह के अन्दर करने का निदेश दिया गया।

V. SynchroServe Global Solutions Pvt. Ltd. को 90 लाभुकों के नियोजन हेतु कार्यायोजना मांगी गयी हैं। SynchroServe Global Solutions Pvt. Ltd. के प्रतिनिधि द्वारा कहा गया कि औरंगाबाद, भागलपुर, कटिहार एवं दरभंगा नगर निकायों द्वारा कार्यादेश नही दिया गया। इस संबध मे नगर निकायों से स्पष्टीकरण देने का निदेश दिया गया।

VI. U. P. Industrial Consultants Ltd. द्वारा लाभुकों के नियोजन हेतु शिविर लगा जानकारी दी। U. P. Industrial Consultants Ltd. को निदेश दिया गया की शिविर की तिथि निर्धारित कर विभाग को सूचित करें।

VII. Yashaswi Education Society के प्रतिनिधि द्वारा लाभुकों को नियोजित करने की जानकारी दी। Yashaswi Education Society को लाभुको के नियोजन संम्बंधित पूर्ण विवरणी संलग्न फोर्मेट में देने का निदेश दिया गया।

VIII. Datapro Computers Pvt. Ltd. के प्रतिनिधि द्वारा औरंगाबाद नगर निकाय से कार्यादेश के विरुद्ध भुगतान नही किये जाने के बात कहीं गई। इस संबंध में संस्था को लिखित रुप से आवेदन देने को कहा गया।

2. निम्नलिखित सस्थाओं क्रमशः Aress Software and Education Technologies Pvt. Ltd, Central Institute of Plastics Engineering & Technology (CIPET), Eduguru India Pvt. Ltd, Hari Telematics Pvt. Ltd. Keertika Academy Pvt. Ltd. Pragmatic Educational Society, Sanwaliya RSE Systems Pvt. Ltd. & Venture Skill India Pvt. Ltd. द्वारा इस कार्यशाला में भाग नहीं लिया गया एवं भाग नही लेने संबंधित कोई सूचना भी विभाग को उपलब्ध नही करायी गई। उक्त सभी संस्थाओं को कार्यशाला में भाग नही लेने हेतु स्पष्टीकरण देने का निदेश दिया गया।
3. सभी संस्थाओं को उनके द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण केन्द्रों की पूर्ण विवरणी एक सप्ताह के अन्दर देने का निदेश दिया गया।
4. सभी प्रशिक्षण प्रदाता एक साथ मिलकर जॉब फेयर कर सकते हैं एवं इस कार्य हेतु बिहार कौशल विकास मिशन की मदद ली जा सकती है।
5. राज्यस्तर की महत्वपुर्ण बैठकों में संस्थाओं के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी एवं राज्यस्तरीय प्रबंधक का भाग लेना सूनिश्चित किया जाय।
6. लाभुकों के नियोजन की धीमी प्रगति पर चिन्ता जाहिर की गई। सभी संस्थाओं को इस कार्य हेतु गति लाने का निदेश दिया गया ।
7. सभी एजेन्सीं के पॉच कौशल प्रशिक्षण केन्द्र की जॉच की जायगी एवं यदि कोई प्रशिक्षण केन्द्र दिये गये विवरणी के अनुसार नही पाया जायेगा उन संस्था के विरुद्व कार्यवाई की जा सकती है।
8. जिन क्षेत्रों में नियोजन की ज्यादा सम्भावनाऍ है, वैसे क्षेत्रो को चिन्हित कर प्रशिक्षण देने कि जरुरत है।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।**

**महेश्वर हजारी, मंत्री**
नगर विकास एवं आवास विभाग।

**ज्ञापांकः– NULM-PMC/001/EST&P-Comm./2015-16/न0वि0 एवं आ0वि0/.............. दिनांक– ...**

प्रतिलिपिः– विभागीय प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव–सह–निदेशक DAY-NULM/टीम लीडर, पी0एम0सी0– एन0यु0एल0एम0 एवं सभी संम्बंधित संस्थाओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**महेश्वर हजारी, मंत्री**
नगर विकास एवं आवास विभाग।